ST. MONTFORT SCHOOL, PATEL NAGAR

Report on Eid - ul – Fitr

The richness and depth of celebration expresses a culture accurately.

Eid - ul - Fitr is a religious festival that is celebrated worldwide. St Montfort school, primary wing celebrated the festival of Eid on 21st April ,23 with great enthusiasm. The students of class I A and I B conducted a special assembly with great rigour. The significance and the true meaning of the festival was brought out beautifully and it touched the hearts of all. A foot tapping and mesmerising dance performance completed the Eid celebration. The assembly was concluded by the inspiring and motivating words of our Respected vice principal Brother Edmond.

Nisha Ramchandani

सेंट मोंटफोर्ट स्कूल, पटेल नगर, भोपाल

ईद स्पेशल असेंबली रिपोर्ट

ईद स्पेशल असेंबली रिपोर्ट 21.4. 2023 हमारे देश में सभी धर्मों के लोग रहते हैं। और अपने धर्म के अनुसार अपना त्यौहार मनाते हैं ।सभी धर्मों का सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। साथ ही सभी धर्मों से छात्रों को परिचित होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय की प्राइमरी शाखा में कक्षा 1 'अ` और `ब` के छात्रों द्वारा स्पेशल असेंबली का आयोजन दिनांक 21.4.2023 को किया गया। जिसमें छात्रों ने मुस्लिम धर्म में ईद का त्योहार किस प्रकार मनाते हैं तथा उसका क्या महत्व है के सभी बिंदुओं पर प्रकाश डाला तथा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर ईद का त्यौहार मनाया और सभी को बधाइयां दी। इस अवसर पर शाला सहप्रधानाचार्य ब्रदर एडमंड तथा हेडमिस्ट्रेस सिस्टर ग्रीटा ने सभी छात्रों को ईद की मुबारकबाद दी।

सुनीता राजपूत

Eid-ul-Fitr

"Those who believe and whose hearts are aye!
By the mention of God shall their he."
The holy Quran- Chapter of Thunder Palmer

The festival of Eid-ul-Fitr was celebrated on 21st April 2023 at St Montfort School, Bhopal. The colourful morning assembly was presented by the students of class 6th section A, B and C depicted the religious stories related to Eid. Students organised the assembly at the object of spreading the message of love, peace and brotherhood.

The assembly began with the prayer and worship of God, alongwith this a beautiful and melodious song sung by the choir students.

The festival Eid gives the message of love and brotherhood, this message was conveyed by the students through a beautiful drama presentation. In this series, the religious message and its moral values presented by the students.

Moving forward, the students dance bringing to light the spiritual significance of the day along with the various rituals followed by the masses.

Principal l Rev. Brother Monachan K.K asked students to hold the value of universal brotherhood and peace. In this wonderful and colourful Eid Principal advised them to destroy demons within each one of us and urge to follow good values given by the prophets.

With enlightening thoughts and gesture based on wisdom, accepting brotherhood, promoting peace and justice we can make a difference, follow school ethos, respect everyone's contribution and be full of gratitude.

Programme came to an end and students dispersed after the national anthem.

By Miss Jyoti Nanappan

"ईद "

"जैसे ही ईद का चाँद निकल आता है , मन में दुआओं का अंबार लाता है ।
इस साल भी शांति और भाईचारे का संदेश देने , ईद का त्यौहार आता है।"

उपरोक्त पंक्तियों को सार्थक करते हुए दिनांक 21/04/2023 को सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय पटेल नगर भोपाल में ईद त्यौहार के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया ।

इस सभा का आयोजन कक्षा छठवीं के वर्ग अ, ब और स के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम की शुरुवात में सर्वप्रथम सभी विद्यार्थियों के द्वारा ईश्वर की प्रार्थना और आराधना पूर्ण की गई । साथ ही संगीत समूह के विद्यार्थियों द्वारा मनोहर गीत प्रस्तुत किया गया ।

तत्पश्चात यह पवित्र त्यौहार हमे क्या संदेश देता है ? किस प्रकार हमें प्रेम और सद्भाव से इसे मिलजुलकर मनाना चाहिए? इन सभी बातों को संदेश के माध्यम से बताया गया ।

ईद का त्यौहार प्रेम और भाईचारे से मिल – जुलकर रहने का संदेश देता है इसे छात्रो नें एक सुंदर नाट्य प्रस्तुति द्वारा सभा में प्रस्तुत किया ।

इसी श्रृंखला में छात्रों के द्वारा इससे संबंधित विभिन्न धार्मिक संदेश और उनके नैतिक मूल्यों को भी बताया गया ।

श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए नृत्य समूह के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग और सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया जिसकी प्रशंसा में समस्त प्रांगण तालियों की गूंज से गुंजायमान हो उठा ।

कार्यक्रम का आनंद लेते हुए प्राचार्य महोदय जी ने अपने वक्तव्य में ईद के त्यौहार में बताए गए भाईचारे और एकता के संदेश को सार्थक करते हुए मिलकर रहने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया एवं प्रार्थना सभा की प्रशंसा कर छात्रों का मनोबल बढ़ाया ।

तत्पश्चात अंत में छात्रों ने सभी का धन्यवाद किया और राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन किया गया ।

कविता मीना